# बुंदेलखंड का पहला निजी औद्योगिक पार्क झांसी में

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के जिस प्लेज पार्क को विकसित करने की आधारशिला रखी थी, उसने आकार लेना शुरू कर दिया है। राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2023 में अगस्त में झांसी के रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क के अवस्थापना विकास के लिए प्रथम किस्त का चेक प्रदान किया था। झांसी के दिगारा में स्थित 13 एकड़ में से 10 .52 एकड़ भूमि पर प्लेज पार्क को विकसित किया जा रहा है। बाकी जमीन आरक्षित रखी हुई है।